कुंभ तक तैयार हो जाएगा गंगा एक्सप्रेस वे

लखनऊ ,विशेष संवाददाता। प्रदेश सरकार जनवरी 2025 में होने वाले कुंभ को भव्य और दिव्य बनाने के लिए जुट गई है। दिल्ली एनसीआर और देश भर के लोग सड़क रास्ते से प्रयागराज आसानी से पहुंच सकें लिहाजा राज्य सरकार गंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण सितंबर 2022 से पूरे जोरशोर से शुरू करने जा रही है।

लक्ष्य है कि जनवरी 2025 तक यानी बाकी बचे 29 महीनों में गंगा एक्सप्रेसवे का काम हर हाल में पूरा कर लिया जाए। यूपीडा के सीईओ अवनीश कुमार अवस्थी कहते हैं- बारह जिलों से होकर जाने वाले गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य पूरी तेजी से जारी है। अभी तक लगभग 94 फीसदी भूमि अधिग्रहण हो चुका है और अधिग्रहण के बाद करीब 343 किमी जमीन का समतलीकरण कर दिया गया है। लक्ष्य है कि बरसात के बाद सितंबर में अधिग्रहण की पूरी कार्रवाई समाप्त कर अक्तूबर से तेजी से काम शुरू कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि गंगा एक्सप्रेसवे 594 किमी लंबा होगा और यह देश का सबसे बड़ा निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे है। इस एक्सप्रेस वे पर फाइटर प्लेन उतर सकेंगे और उड़ान भी भर सकेंगे। छह लेन का गंगा एक्सप्रेसवे महाराष्ट्र की कंपनी आईआरबी और अडानी समूह मिलकर बना रहे हैं।

“हमारी कोशिश है कि कुंभ को लोगों के लिए और अधिक सुविधाजनक बनाया जाए। गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण जनवरी 2025 तक पूरा करने की तैयारी है। –नंद गोपाल गुप्ता नंदी, औद्योगिक विकास मंत्री,यूपी

गंगा एक्सप्रेसवे

594 किमी लंबा होगा और यह देश का सबसे बड़ा निर्माणाधीन एक्सप्रेसवे

06 लेन का होगा गंगा एक्सप्रेसवे

343 किमी जमीन का हो चुका समतलीकरण

6966 हेक्टेयर जमीन हो चुकी है अधिग्रहीत

ये होंगे लाभ

- मेरठ, हापुड़, बरेली, मुरादाबाद, हरदोई, लखनऊ, कानपुर और प्रयागराज में बनेंगे इंडस्ट्रीयल हब
- ईंधन व समय की बचत होगी।
- उत्पादन इकाइयों को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से जोड़ा जाएगा।
- एक लाख से ज्यादा आबादी को रोजगार मिलेगा।